तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 21 जून 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 नौगाई हत्याकांड के फरार 4 आरोपियों ने किया सरेंडर





(अंबिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अंबिकापुर)

प्रतिमाह मात्र 999/-में आई.टी.आई.

न्यू महाराणा I.T.I.

ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक

योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)

स्थान सीमित

नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।

प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर

मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561


## खबर संक्षेप

### त्रिवार्षिक आम चुनाव को लेकर जिला साहू संघ की बैठक आज

**अम्बिकापुर**। सरगुजा के आगामी त्रिवार्षिक आम चुनाव को लेकर जिला साहू संघ की बैठक साहू भवन में 21 जून की सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। बैठक में त्रिवार्षिक आम चुनाव की रूपरेखा, निर्वाचन प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। जिला साहू संघ के समस्त पदाधिकारी, सदस्य, वरिष्ठों को निर्धारित समय पर बैठक में शामिल होने कहा है।

### पड़ोसी ने किया युवक पर जानलेवा हमला, मौत

**अम्बिकापुर**। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नगई निवासी मौसम दास आ. घुरन दास (24 वर्ष) कुछ माह पूर्व अपने ससुराल दरिमा क्षेत्र के ग्राम पंपापुर गया था। चार दिन पूर्व ही पड़ोसी निलाम सिंह घर के दरवाजा के सामने रास्ते से आने जाने की विवाद करने के साथ ही अमरदास के साथ मारपीट करने लगा। ससूर के साथ मारपीट करते देख मौसम दास बीच बचाव करने लगा। आज सुबह मौसम दास घर के सामने छड़ काट रहा था तभी पुराने विवाद को लेकर निलाम सिंह हल लेकर आया और सीधे युवक के सिर में जानलेवा हमला का दिया जिससे युवक मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।

### शराबी चालकों पर लगाया गया 20 हजार रूपए का जुर्माना

**अंबिकापुर**। शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर जिले में कार्रवाई का सिलसिला जारी है। एक बार फिर से दो शराबी चालकों पर 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में यातायात शाखा द्वारा बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 8552 के वाहन चालक लखनपुर लहपटरा निवासी 36 वर्षीय रामकिशोर आ. राम शरण को रोककर जांच की गई तो चालक नशे में धुत पाया गया। वहीं बाइक क्रमांक सीजी 15 ईएच 6910 लखनपुर चैनपुर निवासी 45 वर्षीय लल्लू राम आ. जमंगल राम भी नशे में पाया गया। ब्रेथ एनालाइजर जांच में भी शराब पीकर वाहन चलाने की पुष्टि हुई जिसके बाद दोनों बाइक चालकों के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा दोनों प्रकरणों में 10-10 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया गया है।

## सरगुजा पहुंचे मुख्यमंत्री साय, तैयारियां पूर्ण

# विश्व योग दिवस पर आज सीएम आम जनता के साथ करेंगे योगाभ्यास



सर्किट हाऊस में मुख्यमंत्री का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग पर सरगुजा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय शामिल होंगे और सामूहिक रूप से योग करेंगे।

**खास बात**

- कैबिनेट मंत्री ने किया निरीक्षण

योग दिवस कार्यक्रम व सीएम के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शनिवार को तैयारियों का प्रदेश के संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने निरीक्षण किया। बता दें कि 21 जून को पीजी कॉलेज मैदान में राज्य स्तरीय योग दिवस का आयोजन सुबह 6 बजे किया जाएगा जिसके मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे तथा अति विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो, गृह निर्माण मण्डल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अध्यक्ष राम किशुन सिंह, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, ननि सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग निर्धारित की गई है। कलेक्टर अजीत बसंत ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा है कि योग स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन का आधार है। इधर योग दिवस के कार्यक्रम को लेकर संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर की जा रही व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और भारतीय संस्कृति की महान परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन विरासत है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वैश्विक पहचान मिली है और आज पूरी दुनिया योग के महत्व को स्वीकार कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रस्तावित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की कमी न रहे।

### सरगुजा पहुंचे सीएम, हुआ जोरदार स्वागत

विश्व योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय देर शाम सरगुजा पहुंचे। इस दौरान हेलीपैड पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके साथ ही सर्किट हाउस में भी सीएम का भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान सीएम श्री साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि 21 जून को विश्व योग दिवस है और मै प्रदेश वासियों को इसकी अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। उन्होंने कहा कि सभी को योग अपने जीवन में अपनाना चाहिए, इसके बहुत फायदे है। सीएम ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूनेस्को में इसका प्रस्ताव रखा और 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया गया। आज पीएम के आह्वान पर 170 से अधिक देशों ने योग को अपनाया है और अपनी दिनचर्या में शामिल किया है। बता दें कि योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सीएम श्री साय सर्किट हाउस में विश्राम करेंगे। इस दौरान वे जनप्रतिनिधियो, अधिकारियों से मुलाकात कर वस्तु स्थिति की जानकारी लेंगे।



# हाईवोल्टेज तार की चपेट में आकर तीन भालुओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

आंधी बारिश के कारण टूटकर गिरे हाई टेंशन तार की चपेट में आकर तीन भालुओं की मौत हो गई। भालू भोजन की तलाश में निकले थे। इस दौरान वे जंगल में टूटकर गिरे तार की चपेट में आ गए।

- आंधी तूफान के कारण केवरा जंगल में टूटकर गिरी थी 11 केवी की लाइन

सुबह एक-एक नर मादा भालु और एक शावक का शव बरामद किया गया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा शवों का पीएम उपरान्त अंतिम संस्कार कराया। इधर एक साथ तीन भालुओं की मौत के बाद विद्युत विभाग की लापरवाही को लेकर लोगों में रोष का माहौल है।

क्षेत्र के केवरा जंगल के रस्ते 11 केवी विद्युत लाइन का विस्तार किया गया है। शनिवार को तड़के 5 बजे क्षेत्र में तेज रफ्तार से आंधी चली। इस दौरान वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत केवरा जंगल के कक्ष क्रमांक पी-17 के ऊपर गुजर रही 11 केवी की विद्युत लाइन टूटकर नीचे गिर गई। इस दौरान नीचे भ्रमण कर रहे तीन भालू हाई वोल्टेज करेंट की चपेट में आ गए जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत तार काफी समय से टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने विद्युत आपूर्ति बंद कराने के बाद भालुओं के शव को बरामद किया। मरने वालों में एक नर, एक मादा और एक शावक भालू शामिल है। वन विभाग द्वारा तीनों भालुओं के शव नर्सरी लाए गए जहां वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में उनका पीएम किया गया और पीएम उपरान्त शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

### बिजली विभाग की लापरवाही से लोगों में रोष

भालुओं की करेंट की चपेट में आने से मौत के बाद लोगों में रोष का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि जंगल क्षेत्र से गुजरने वाली विद्युत लाइनों की नियमित निगरानी और रखरखाव नहीं किया जाता। कई बार तार झूलने और खंभों की खराब स्थिति की जानकारी संबंधित विभाग को दी गई थी लेकिन समय रहते सुधार कार्य नहीं किया गया। हाईटेंशन तार की चपेट में आकर अक्सर वन्य जीवों की मौत होती रहती है लेकिन विद्युत विभाग इसे गंभीरता से नहीं लेता है।

# नीट परीक्षा से पहले जिले में किया गया मॉक-ड्रिल तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को होने वाली नीट परीक्षा को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षा के सफल व पारदर्शी संचालन के लिए शनिवार को सभी 13 केन्द्रों में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित कर सुरक्षा एवं परीक्षा संचालन संबंधी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया।

- रहेगी कड़ी सुरक्षा, 13 केंद्रों में शामिल होंगे 5,212 अभ्यर्थी

जिले में कुल 5,212 पंजीकृत अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा का आयोजन अपराह्न 2:00 बजे से सायं 5:15 बजे तक किया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान सिटी कोऑर्डिनेटर, जिला प्रेक्षक (डिस्ट्रिक्ट ऑब्जर्वर) एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों की तैयारियों की परीक्षण किया गया। प्रत्येक केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरे, जैमर एवं बायोमेट्रिक उपकरणों की स्थापना एवं कार्यशीलता सुनिश्चित की गई। अभ्यर्थियों की सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) के लिए पृथक व्यवस्था, महिला अभ्यर्थियों हेतु अलग कक्ष तथा महिला कर्मियों द्वारा तलाशी की व्यवस्था का परीक्षण किया गया। इसके अलावा परीक्षा कक्षों के भीतर दस्तावेज सत्यापन डेस्क की स्थापना, बैठक व्यवस्था का प्रदर्शन, रोल नंबर स्टिकर चस्पा करने, जनरेटर अथवा डीजी सेट की उपलब्धता, सुरक्षा बलों की तैनाती, पर्यवेक्षकों के उन्मुखीकरण, पेयजल एवं चिकित्सा सुविधाओं तथा दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा केन्द्रों के द्वार प्रातः 11 बजे से खोल दिए जाएंगे तथा अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग प्रक्रिया प्रारंभ होगी। धार्मिक अथवा पारंपरिक परिधान जैसे हिजाब, पगड़ी अथवा कृपाण धारण करने वाले अभ्यर्थियों को दोपहर 12.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को दोपहर 1.15 बजे तक अपनी निर्धारित सीटों पर बैठना प्रारंभ करना होगा, जबकि दोपहर 1.30 बजे के पश्चात किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।



### प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था

परीक्षा दिवस पर प्रश्नपत्रों के ट्रंक बैंक से परीक्षा केन्द्रों तक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की उपस्थिति में शासकीय वाहन से पहुंचाए जाएंगे। प्रश्नपत्रों के दो सेट दो अलग-अलग बैंकों में सुरक्षित रखे गए हैं, जिनमें से केवल एक बैंक से संबंधित ट्रंक को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की अनुमति प्राप्त होने के पश्चात परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर प्रश्नपत्रों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए पृथक स्ट्रांग रूम एवं पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# पानी टैंकर की चपेट में आने से बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर पालिका के पानी टैंकर की चपेट में आने से वार्ड क्रमांक 6 निवासी बालक की की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे नगर में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। नाराज परिजन एवं स्थानीय लोगों ने रंगीला चौक स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया तथा मृतक के परिजनों को शासकीय नौकरी एवं उचित मुआवजा देने की मांग की।

- परिजन सहित लोगों ने किया एनएच पर चक्का जाम



जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 6 निवासी शुभम आ. सागर (7 वर्ष) शनिवार दोपहर लगभग 1.30 बजे स्कूल से घर लौटने के बाद मोहल्ले में खेल रहा था। इसी दौरान नगर पालिका परिषद का पानी टैंकर वार्ड में पानी वितरण के लिए पहुंचा था। खेलते समय मासूम टैंकर के पिछले पहिए की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। बालक की मौत से पूरे मोहल्ले में मातम पसरा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया, जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। इधर घटना से नाराज परिजन और स्थानीय नागरिकों ने रंगीला चौक स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजन को शासकीय नौकरी, उचित मुआवजा तथा दोषी चालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। चक्का जाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन प्रभावित रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। एसडीएम एवं एसडीओपी के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर मामले के समाधान का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना के बाद नगर पालिका के भारी वाहनों के संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी लोगों ने सवाल उठाए हैं। बालक शुभम की असमय मौत से पूरे नगर में शोक की लहर है, वहीं प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

# अनुपस्थिति एवं विभागीय जांच के बाद भृत्य की सेवा समाप्त

**अम्बिकापुर**। डीईओ डॉ. दिनेश कुमार झा द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यालय में पदस्थ भृत्य रामकुमार राजवाड़े की सेवाएं अनधिकृत अनुपस्थिति एवं विभागीय जांच में आरोप सिद्ध पाए जाने के उपरांत समाप्त कर दी गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकुमार राजवाड़े 9 फरवरी 2022 से बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार कार्यालय से अनुपस्थित थे। इस संबंध में समय-समय पर विभिन्न पत्रों एवं कारण बताओ नोटिसों के माध्यम से उन्हें अपना पक्ष प्रस्तुत करने तथा कार्य पर उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया गया। श्री राजवाड़े द्वारा वर्ष 2023 में प्रस्तुत आवेदन में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कारणों का उल्लेख करते हुए पुनः कार्यभार ग्रहण करने की इच्छा व्यक्त की गई थी। इसके उपरांत जिला ग्रंथालय, अम्बिकापुर में कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति भी प्रदान की गई, किन्तु उन्होंने वहां भी कार्यभार ग्रहण नहीं किया तथा पुनः अनुपस्थित रहे। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियमों के तहत नियमित विभागीय जांच संस्थित की गई। जांच अधिकारी एवं प्रस्तुतकर्ता अधिकारी की नियुक्ति कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जांच संपन्न कराई गई। विभागीय जांच में यह तथ्य स्थापित हुआ कि संबंधित कर्मचारी 9 फरवरी 2022 से बिना किसी वैध अनुमति के लगातार अनुपस्थित रहे, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के प्रावधानों का उल्लंघन है तथा गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। जांच प्रतिवेदन में आरोप सिद्ध पाए जाने के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए रामकुमार राजवाड़े, भृत्य, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी की सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया गया है।

## 10 किमी पैदल चलकर पहुंचे कलेक्टर कार्यालय, शिक्षक, भोजन की गुणवत्ता सहित गिनाई अन्य समस्याएं

# आवासीय विद्यालय व हॉस्टल की समस्याओं के खिलाफ फूटा छात्रों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को प्रयास आवासीय विद्यालय घंघरी के छात्रों ने मोर्चा खोल दिया। लगबघ 10 किमी पैदल चलकर छात्र कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। उन्होंने शिक्षकों की कमी, गुणवत्ताहीन भोजन, शुद्ध पेयजल की कमी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

छात्रों ने विद्यालय प्रबन्धन एक खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों ने छात्रों की साम्स्याएं सुनकर उनके निराकरण का आश्वासन दिया जिसके बाद छात्रों को सुरक्षित उनके आवासीय विद्यालय हॉस्टल भेजा गया। बता दें कि शनिवार को आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय से 60-70 छात्र पैदल लगभग 10 किलो मीटर का सफर तय कर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान छात्रों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की और प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाए।



छात्रों के पैदल ही कलेक्टर कार्यालय आने की सूचना मिलने के बाद प्रशासन और शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ललित शुक्ला, डीईओ दिनेश झा के साथ ही आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों से चर्चा की। इस दौरान छात्रों का कहना था कि स्कूल के पुराने अनुभवी शिक्षकों को हटा दिया गया और अब जेईई, नीट की पढ़ाई कराने वाले शिक्षकों से पढ़ने के लिए बोला जा रहा है ऐसे में उनकी बोर्ड की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। 20 दिनों में कोई भी पढ़ाई नहीं हुई। इसके साथ ही छात्रों का कहना है कि स्कूल में बड़े अधिकारियों के आने पर उन्हें स्वादिष्ट भोजन दिया जाता है लेकिन सामान्य दिनों में गुणवत्ताहीन भोजन दिया जाता है, कीड़े लगे चावल दिए जाते है। स्कूल में फ्लोराइड युक्त पानी आ रहा है इसके साथ ही वाटर कूलर खराब है जिससे शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। स्कूल में बच्चों की बाल कटिंग भी नियमित रूप से नहीं कराई जाती है। छात्रों का कहना है कि शिकायत करने पर प्राचार्य द्वारा टीसी काटने की धमकी दी जाती है। अधिकारियों ने आने वाले दिनों में सभी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया जिसके बाद छात्र वापस लौटे।

### किया जाएगा समस्याओं का निराकरण

स्कूल और हॉस्टल में समस्याओं को लेकर छात्र कलेक्टर कार्यालय आए थे। उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करने का आश्वासन दिया गया है। मै स्वयं विद्यालय के निरीक्षण पर जाता हूं। शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

-ललित शुक्ला, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444

# LCIT COLLEGE OF COMMERCE & SCIENCE

LCIT
GROUP OF INSTITUTIONS

Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya, Bilaspur (C.G.)

THINK EDUCATION THINK LCIT

AFFILIATED TO & APPROVED BY

MEMBER OF

Virtual Labs
An MoE Govt of India Initiative
FREE ONLINE EDUCATION swayam

## Best College in the Region




Scan For A Brighter Future

APPLY @
COLLEGE CODE 240

ADMISSIONS OPEN 2026-27

## COURSES OFFERED

### SCIENCE
**BCA**(Hons.)
AICTE Approved
**B.Sc.**(Hons.)
- Biology
- Microbiology
- Biotechnology
- Mathematics
- Computer Science

**M.Sc.**
- Zoology
- Chemistry
- Biotechnology
- Computer Science

**PGDCA**

98278-75752

### COMMERCE
**B.Com**(Hons.)

**BBA**(Hons.)
AICTE Approved

**M.Com**
with Marketing & Management

75666-66785

### ARTS
**B.A.**(Hons.)
- History
- Sociology
- Geography
- Economics
- Political Science
- English Literature

**M.A.**
- Geography

91097-30890

### LAW
B.A. LL.B.
B.B.A. LL.B.
B.Com. LL.B.
LL.B.
LL.M.

97558-19835

## PLACEMENT HIGHLIGHTS

TOTAL PLACEMENT 500+
RECRUITING COMPANIES 50+
HIGHEST PACKAGE 12.50 LPA
AVERAGE PACKAGE 4.55 LPA

## TOP RECRUITERS

TCS TATA CONSULTANCY SERVICES
YOKOHAMA
Datun Jangal se
HDFC BANK
adani Cement
& Many More

## UNIVERSITY - GOLD MEDALIST

YASHRAJ M.Sc. CS
SHUBHANGI SINGH THAKUR M.Com
SHREYANSHI JAIN BBA
KASHISH MATLANI B.Com
CHANDRA PRAKASH CHOUBEY B.Com. LL.B.

30+ BRILLIANT MINDS FROM OUR COLLEGE HAVE SECURED RANKS IN THE UNIVERSITY MERIT LIST!

## CAMPUS LIFE


RASS GARBA


MH 43 INDIA BAND


EXCURSION TRIPS


EDUCATIONAL VISIT

TRANSPORT FACILITY | COMPUTER LABS | EXPERT FACULTY | PLACEMENT ASSISTANCE | HOSTEL: BOYS & GIRLS

## खबर संक्षेप

### स्कूल की व्यवस्थाओं पर सवाल, प्राचार्य को नोटिस

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कोरिया द्वारा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनसुख का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में एक भी विद्यार्थी उपस्थित नहीं पाया गया। साथ ही कुछ शिक्षक भी विलंब से विद्यालय पहुंचे। निरीक्षण में विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की कमी, अध्यापन कार्य का निर्धारित कालखण्ड के अनुसार संचालन नहीं होना तथा पाठ्यपुस्तकों की शत-प्रतिशत स्कैनिंग एवं वितरण का कार्य अधूरा पाया गया। इन कमियों को गंभीर मानते हुए कलेक्टर ने विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीलिमा टोप्पो को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि उक्त स्थिति प्राचार्य की अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को प्रदर्शित करती है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-03 के विपरीत है। कलेक्टर कार्यालय ने प्राचार्य को निर्देशित किया है कि वे दो दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

### वन भूमि पर अतिक्रमण हटाने की तैयारी

**मनेन्द्रगढ।** मनेन्द्रगढ़ वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र खड़गवां के ग्राम ठग्गांव स्थित वनभूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध वन विभाग ने नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि संबंधित भूमि को शासन की अधिसूचना के माध्यम से वर्ष 2020 में वन विभाग को हस्तांतरित कर विधिवत वनभूमि घोषित किया जा चुका है तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में इन क्षेत्रों में व्यापक वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में वनभूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिसूचना के माध्यम से ग्राम ठग्गांव के सात पैचों की भूमि वन विभाग को हस्तांतरित की गई थी। इनमें पैच-ए, पैच-बी, पैच-सी, पैच-डी सहित अन्य चिन्हित पैचों में स्थित विभिन्न खसरा नंबरों की भूमि शामिल है। विभाग के अनुसार इन सभी क्षेत्रों में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण कार्य किया जाना है। वहीं वन विभाग ने बताया कि भूमि हस्तांतरण एवं अधिसूचना जारी होने से पूर्व वर्ष 2019 में संबंधित क्षेत्रों का विस्तृत सर्वेक्षण कराया गया था। सर्वेक्षण के दौरान न तो किसी प्रकार का अतिक्रमण पाया गया था और न ही कोई मकान अथवा स्थायी निर्माण दर्ज किया गया था।


### किसानों को मिलेगी 15 हजार प्रति एकड़ आदान सहायता

**मनेन्द्रगढ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों की आय में वृद्धि, कृषि लागत में कमी तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषक उन्नति योजना के नवीन स्वरूप को मंजूरी प्रदान की है। योजना के तहत अब खरीफ सीजन में धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलें अपनाने वाले किसानों को 15,000 रुपए प्रति एकड़ की आदान सहायता (इनपुट प्रोत्साहन राशि) प्रदान की जाएगी। उप संचालक कृषि, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ने बताया कि राज्य सरकार का यह निर्णय कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे किसानों को कम पानी में अधिक लाभ देने वाली फसलों की ओर प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं भूजल संरक्षण, भूमि की उर्वरा शक्ति में सुधार तथा कृषि की स्थिरता को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उन किसानों को मिलेगा जो अपने पंजीकृत रकबे में धान की खेती के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का अथवा मोटे अनाज (मिलेट्स) जैसी वैकल्पिक फसलों का चयन करेंगे। योजना में अरहर, उड़द, मूंग, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, मक्का, कपास तथा कोडो, कुटकी और रागी जैसी फसलें शामिल की गई हैं। पूर्व से वैकल्पिक फसलें लेने वाले किसानों को भी मिलेगा लाभ उप संचालक कृषि ने बताया कि जो किसान पूर्व वर्षों से खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का, कोडो, कुटकी, रागी अथवा कपास की खेती कर रहे हैं, उन्हें भी निर्धारित शर्तों के अनुसार लाभ मिलेगा।

फॉर्च्यूनर में पेट्रोल डालकर लगा दी थी आग, 9 पर दर्ज है मामला, पुलिस ने निकाला आरोपियों का जुलूस

# नौगई हत्याकांड के फरार 4 आरोपियों ने किया सरेंडर



**बैकुंठपुर/मनेन्द्रगढ़।** कोरिया जिले के सोनहत ब्लॉक अंतर्गत नौगई में हुए बहुचर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में शनिवार को एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया। मामले में चार आरोपियों ने एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है, जबकि एक अन्य आरोपी गौरव त्रिपाठी को खड़गवां इलाके से पकड़ा गया है। मनेन्द्रगढ़ में सरेंडर करने वालों में मनोज त्रिपाठी, निशांत त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी, आशुतोष त्रिपाठी शामिल हैं। देर शाम पुलिस ने सोनहत में आरोपियों का जुलूस निकाला। आरोपी बोले अपराध करना पाप है।

विदित हो कि 16 जून की रात सोनहत के नौगई में भाजपा नेता लल्ला सिंह सहित तीन लोगों को फॉर्च्यूनर वाहन में पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया था। घटना को लेकर पूरे जिले में आक्रोश का माहौल निर्मित हो गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही थी। आरोपियों के संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाने के लिए मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश पुलिस को भी आरोपियों के फोटो और अन्य विवरण भेजे गए थे। इसी बीच मुख्य आरोपी मनोज त्रिपाठी के साथ निशांत त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी और आशुतोष त्रिपाठी ने मनेन्द्रगढ़ थाने में 20 जून को आत्मसमर्पण कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एमसीबी जिले की एसपी रत्ना सिंह थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि कार्रवाई और दबाव के चलते आरोपियों ने सरेंडर किया है। अब पूरे मामले की विस्तृत विवेचना कोरिया पुलिस द्वारा की जाएगी और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। गौरतलब है कि इस हत्याकांड के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों और करणी सेना द्वारा जन

आंदोलन एवं प्रदर्शन की चेतावनी भी दी गई थी।

**9 लोगों पर दर्ज है अपराध**

सोनहत के ग्राम नौगई में रेत उत्खनन को लेकर हुए विवाद के मामले में कोरिया की सोनहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 9 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले में चार आरोपियों अक्षत त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी और मन्नू त्रिपाठी को घटना दिवस ही गिरफ्तार कर लिया गया था। सोनहत पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 के तहत 103(1), 109, 190, 191(2), 191(3), 324, 326(जी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।


तीन मौतों से सोनहत इलाके में दहशत, सात पर केस, चार गिरफ्तार
रेत खनन पर खूनी संघर्ष
भाजपा नेता को दो भाइयों समेत फॉर्च्यूनर में जिंदा जलाया

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।



जली फॉर्च्यूनर कार।

### अब तक का सबसे जघन्य हत्याकांड

कोरिया जिले के सोनहत थाना क्षेत्र के ग्राम नौगई में रेत उत्खनन और कारोबार को लेकर चल रहा विवाद 16 जून की देर रात जघन्य खूनी संघर्ष में बदल गया था। वारदात में भाजपा नेता भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह और उनके भाई नागेन्द्र सिंह एवं वीरेन्द्र सिंह की जिंदा जलने से मौत हो गई थी, जबकि 2 अन्य मंयक सिंह और योगेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका उपचार चिकित्सकों की निगरानी में अभी भी जारी है। रात्रि में विवाद के दौरान फॉर्च्यूनर वाहन में पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई थी, इस घटना में वाहन में सवार 5 लोग बुरी तरह जल गए थे। इसी दौरान धारदार हथियार से मारपीट की घटना भी घटित हुई थी। लगातार दबिश और बढ़ते दबाव के बीच शनिवार को मुख्य आरोपी मनोज त्रिपाठी सहित चार अन्य आरोपियों ने मनेन्द्रगढ़ थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले चार आरोपियों को कोरिया पुलिस गिरफ्तार कर जिला जेल बैकुंठपुर भेज चुकी है।

### कोरिया पुलिस के कार्रवाई पर टिकी निगाहें

पूरे मामले में अब कोरिया पुलिस सरेंडर करने वाले आरोपियों से पूछताछ कर घटनाक्रम की पूरी साजिश, विवाद की पृष्ठभूमि और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच करेगी। इस वजह से लोगों की नजरें कोरिया पुलिस के विवेचना और आगामी कानूनी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। यह मामला केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि क्षेत्र में लंबे समय से पनप रहे विवादों के खतरनाक परिणाम के रूप में देखा जा रहा है, जिसकी गूंज अब पूरे प्रदेश में सुनाई दे रही है।

## कलेक्टर ने किसानों से खाद उपलब्धता की ली जानकारी



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने जिले में खरीफ सीजन की तैयारियों के मद्देनजर विभिन्न खाद समितियों का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर खाद की उपलब्धता एवं वितरण संबंधी जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर यादव ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सलबा एवं बंजारीडांड पहुंचकर समिति प्रबंधकों से खाद के वर्तमान स्टॉक, भंडारण व्यवस्था एवं वितरण की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने उपलब्ध खाद की मात्रा, मांग के अनुरूप आपूर्ति तथा किसानों को खाद वितरण की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पीओएस मशीन के माध्यम से किए जा रहे वितरण की जानकारी प्राप्त की तथा समिति के अभिलेखों एवं पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने समिति प्रबंधकों से यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी तथा नैनो यूरिया की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि किसानों को नैनो यूरिया के उपयोग एवं उसके लाभों के संबंध में सही एवं वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करें, ताकि किसान इसका अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार का पक्षपात न हो तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संचालित की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से पूछा कि उन्हें समय पर खाद प्राप्त हो रही है या नहीं तथा वितरण में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही है। किसानों से प्राप्त जानकारी के आधार पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को वितरण व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर यादव ने कहा कि खरीफ सीजन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना शासन एवं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को निर्धारित मूल्य पर, समय पर एवं पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध कराई जाए। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समिति प्रबंधकों को खाद के भंडारण एवं वितरण का नियमित अभिलेख संधारित करने, मांग के अनुरूप पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने तथा वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग के लिए प्रेरित हुईं महिला किसान

**मनेन्द्रगढ।** जिले के ग्राम पिपरिया की महिला किसान श्रीमती सुखवरिया आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। अन्य किसानों के सकारात्मक अनुभवों और बेहतर परिणामों से प्रेरित होकर उन्होंने इस वर्ष अपनी फसलों में पहली बार नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग का निर्णय लिया है। सुखवरिया ने बताया कि उन्होंने अपने आसपास के उन किसानों की खेती का अवलोकन किया, जिन्होंने पिछले वर्ष नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग किया था। उनके अनुसार इन किसानों की फसल की बढ़वार बेहतर रही तथा धान की गुणवत्ता और रंग पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। इसके साथ ही उत्पादन में वृद्धि और खेती की लागत में कमी जैसे सकारात्मक परिणाम सामने आए।

## नशे से दूर रहकर श्रेष्ठ जीवन का संकल्प लें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- ब्रह्माकुमारी संस्थान ने जेल में चलाया

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत संस्था के 90वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 20 जून को राष्ट्रीय जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला जेल बैकुंठपुर में किया गया।

कार्यक्रम में बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में बैकुंठपुर सेवा केंद्र संचालिका बीके रेखा, बीके रूपा, जेल अधीक्षक शेख आबिद रजा, समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक वेनेडिका तिर्की एवं नशा मुक्ति केंद्र के अधीक्षक कुमार गौरव उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीके रूपा बहन ने कहा कि व्यक्ति नशे की आदतों का गुलाम बन जाता है और धीरे-धीरे स्वयं को कमजोर महसूस करने लगता है। जबकि मनुष्य के अंदर असीम शक्तियां मौजूद हैं। यदि व्यक्ति अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानकर दृढ़ संकल्प करे तो किसी भी बुरी आदत से मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारा वास्तविक स्वरूप आत्मा है, जो शांति, प्रेम, आनंद और पवित्रता का स्वरूप है। बाहरी साधनों से स्थायी खुशी नहीं मिल सकती।




उन्होंने बताया कि ज्ञान, पवित्रता, प्रेम, सुख, शांति और आनंद जैसे सात गुणों को जीवन में अपनाने से बुराइयां स्वतः दूर होने लगती हैं। जैसे अंधकार दूर करने के लिए एक दीपक पर्याप्त होता है, वैसे ही श्रेष्ठ विचार और संकल्प जीवन में बदलाव ला सकते हैं। बीके रेखा ने कहा कि नशा जीवन को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने आध्यात्मिक नशे को सकारात्मक बताते हुए शराब, सिगरेट, तंबाकू जैसे शारीरिक नशों से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ यदि व्यक्ति कुछ समय नशे से दूर रहने का संकल्प करता है तो धीरे-धीरे यह आदत छूट सकती है। राजयोग अभ्यास से आत्मिक शक्ति बढ़ती है और व्यक्ति नकारात्मक आदतों से मुक्त हो सकता है।

## तीन केंद्रों पर होगी नीट (यूजी)की परीक्षा आज

**मनेन्द्रगढ।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

छत्तीसगढ़ कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग रायपुर के निर्देशानुसार 21 जून (रविवार) को जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस वर्ष जिले के कुल 811 अभ्यर्थी नीट (यूजी)-2026 में सम्मिलित होंगे। परीक्षा का आयोजन केंद्रीय विद्यालय झगराखंड, केंद्रीय विद्यालय रेलवे कॉलोनी मनेन्द्रगढ़ तथा शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा। परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने जिले के बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों के लिए विशेष आवास व्यवस्था भी सुनिश्चित की है। पुरुष अभ्यर्थियों के लिए लालपुर स्थित अनुसूचित जनजाति बालक क्रीड़ा परिसर तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास एवं थाना के सामने स्थित कन्या छात्रावास को अस्थायी आवास केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है।




रोजाना बिगड़ रही आर्थिक स्थिति

## सफाई कर्मचारियों का वेतन तीन माह से लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कालरी

एमसीबी जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को पिछले 3 माह से वेतन नहीं मिलने का मामला सामने आया है।

कर्मचारियों का आरोप है कि लगातार काम करने के बावजूद उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा, जिससे उनके सामने परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है। कई कर्मचारियों ने बताया कि घर का खर्च चलाना, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतों को पूरा करना भी चुनौती बन गया है। कर्मचारियों का कहना है कि वे प्लेसमेंट कर्मचारी होने के कारण खुलकर विरोध भी नहीं कर पा रहे हैं। उनका आरोप है कि अधिकारियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जाता है। किसी को जबरन छुट्टी पर भेज दिया जाता है तो किसी का दूरस्थ स्थान पर स्थानांतरण कर दिया जाता है। इसी भय के कारण अधिकांश कर्मचारी अपनी समस्याएं सार्वजनिक रूप से रखने से बच रहे हैं। सफाई कर्मचारियों के अनुसार कई बार संबंधित अधिकारियों को वेतन भुगतान की समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। कर्मचारियों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि उनकी आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है, जबकि वे नियमित रूप से शहर की सफाई व्यवस्था संभाल रहे हैं। कर्मचारियों ने शासन और निगम प्रशासन से शीघ्र वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय पर वेतन मिलना उनका अधिकार है और तीन माह का लंबित भुगतान तत्काल किया जाना चाहिए, ताकि उनके परिवारों को आर्थिक संकट से राहत मिल सके। लंबित वेतन के बारे निगम अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे।



## खबर संक्षेप



### विकास के विश्वास पंजीयन शिविर में भारी अव्यवस्था

**नर्मदापुर।** प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में विकास के विश्वास के जन कल्याण के कार्यक्रम अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल में पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। नर्मदापुर स्थित आत्मानंद स्कूल के सभा कक्ष में आयोजित पंजीकरण शिविर की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को नहीं दी गई। गुपचुप तरीके से स्कूल के छोटे से सभा कक्ष में आयोजित कर पंजीयन शिविर की औपचारिकता पूरी कर ली गई। पंजीयन शिविर का समय सुबह 10 बजे से निर्धारित किया गया था लेकिन दोपहर 2 बजे तक सभाकक्ष पूरी तरह खाली था। दोपहर 2 बजे के उपरांत ग्राम पंचायत नर्मदापुर के उप सरपंच को किसी तरह पंजीकरण शिविर के आयोजन की जानकारी मिली तो आनन-फानन में में लगभग पचास की संख्या में ग्रामीणों को लेकर आयोजन स्थल पहुंचे लेकिन शिविर में सभी विभाग के प्रतिनिधि नदारद थे और आवेदन लेने वाला कोई नहीं था। कई ग्रामीण ऐसे भी थे जिनके पास कागज कलम नहीं था। वह अपना आवेदन पंजीकरण शिविर में कर्मचारियों के माध्यम से लिखवाना चाहते थे किन्तु आवेदन लिखने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। इधर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी खुशबू शास्त्री पंजीकरण शिविर में उपस्थित नहीं थी तो बाकी अधिकारी कर्मचारियों की कार्यशैली का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### मोबाइल नम्बर हैक कर आपत्तिजनक संदेश भेजने पर शिक्षिका ने की पुलिस से शिकायत



**रामानुजगंज।** सामरी थाना क्षेत्र की एक सहायक शिक्षिका ने अपना मोबाइल नंबर हैक कर उससे आपत्ति जनक संदेश व वीडियो प्रसारित किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाना सामरीपाठ में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मामले को लेकर शिक्षिका अपने परिजनों एवं ग्रामीणों के साथ थाना पहुंचीं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पीड़िता श्रीमती सुसाना खलखो, निवासी ग्राम सराईटोली, भंडारडीपा ने आवेदन में बताया कि वह वर्तमान में शासकीय प्राथमिक शाला भडाराडीपा में सहायक शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। उसके मोबाइल नंबर को 18 जून से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हैक कर लिया गया है। शिकायत के अनुसार, हैक किए गए नंबर से विभिन्न व्हाट्सएप समूहों में अश्लील वीडियो, आपत्तिजनक संदेश, डीपी एवं स्टेटस साझा किए जा रहे हैं, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है और उन्हें मानसिक रूप से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर जांच कर दोषियों की पहचान करने तथा उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं सामरी पुलिस ने आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले की जांच शुरू करने की बात कही है।

## शाम ढलते ही अंधेरे में डूब जाता है अस्पताल परिसर

# पीएचसी सलका में 5 माह से ठप पड़ी सोलर लाइट व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्राम पंचायत सलका पीएचसी परिसर रात में रौशन रहे इसे लेकर परिसर में सोलर लाइट की व्यवस्था की गई है। हैरानी की बात तो यह है कि सोलर लाइट पिछले पांच माह से तकनीकी खराबी आने से ठप पड़ी है बावजूद इसके आज तक सोलर लाइट की न तो मरम्मत की गई है और न इस दिशा में किसी प्रकार पहल हो सकी है। ऐसे में अस्पताल परिसर शाम होते ही अंधेरो में डूब जाता है जिससे अस्पताल के स्टाफ व मरीज सहित परिजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसा नहीं है अस्पताल प्रबंधन द्वारा समस्या से संबंधित विभाग या उच्च अधिकारियों को अवगत नहीं कराया है। लेकिन किसी प्रकार पहल नहीं होने से अस्पताल स्टाफ सहित मरीज के परिजन अस्पताल परिसर के अंधेरे में आने जाने को मजबूर है।

**खास बातें**

- डिलेवरी से लेकर नाइट ड्यूटी तक बढ़ी मुश्किलें
- परिजन और स्वास्थ्य कर्मियों की बढ़ी परेशानी



खराब सोलर लाइट।

जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत सलका स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ग्राम पंचायत सलका सहित आसपास गांव के ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधा के लिए निर्भर है। हर रोज बड़ी संख्या में लोग जांच व उपचार कराने आते है। ऐसे में कुछ मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जाता है। अस्पताल में दाखिल होने वाले मरीज उनके परिजन को रात के समय परेशानी न हो और अस्पताल परिसर रौशन रहे इसे लेकर ग्राम पंचायत सलका स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्ष 2024 में सोलर लाइट की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। परंतु देखरेख के अभाव में सोलर पैनल एवं बैटरी सिस्टम पिछले पांच माह से खराब पड़ा हुआ है जिससे सोलर लाइट व्यवस्था ठप पड़ गई है। ऐसे में शाम होते ही पूरे अस्पताल परिसर में अंधेरा पसर जाता है, जिससे मरीजों, उनके परिजन और स्वास्थ्य कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर के पीछे छोटे-छोटे झाड़-झंखाड़ और जंगल होने के कारण रात्रि के समय सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ रही हैं।

इस संबंध में प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सलका प्रभारी रविकरण सिंह ने बताया कि पांच माह से सोलर लाइट खराब पड़ा है। क्रेडा विभाग को जानकारी दी गई है। अस्पताल परिसर अंधेरे में है। सुधार होना चाहिए।

**प्रसव के दौरान सबसे अधिक परेशानी**

स्थानीय लोगों के मुताबिक सबसे अधिक दिक्कत प्रसव के समय आती है। मरीजों के साथ आने वाले परिजन के लिए अस्पताल परिसर में जनरल वार्ड के पास शौचालय और स्नानघर की व्यवस्था तो है, लेकिन अंधेरे के कारण उन्हें मोबाइल की फ्लैश लाइट या टॉर्च के सहारे वहां तक जाना पड़ता है।

**नाइट ड्यूटी करने वाली नर्सें भी भयभीत**

रात्रिकालीन ड्यूटी करने वाली नर्सों को भी अस्पताल परिसर में आने-जाने में परेशानी होती है। प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से वे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहती हैं। अस्पताल परिसर में स्थित पार्किंग स्थल तक पहुंचना भी जोखिम भरा हो गया है। मरीजों के परिजनों और अस्पताल स्टाफ को रात में वाहन खड़े करने और निकालने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**लोगों ने की मरम्मत कराने की मांग**

स्थानीय ग्रामीणों और अस्पताल आने वाले मरीजों के परिजन ने प्रशासन से मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलका की सोलर प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाए, ताकि मरीजों को सुरक्षित वातावरण मिल सके और स्वास्थ्यकर्मी बिना भय के अपनी सेवाएं दे सकें। उनका कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र जैसी आवश्यक सेवा संस्था में मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी गंभीर चिंता का विषय है।



### स्वामी आत्मानंद विद्यालय चेंद्रा में किया गया विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले के चेंद्रा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान आम सभा एवं निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इस दौरान बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने सहभागिता करते हुए विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। निर्वाचन प्रक्रिया उपरांत सर्वसम्मति से जितेंद्र कुशवाहा को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा रामशरण देवांगन को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य जय कुमार गुप्ता सदस्य सचिव होंगे। समिति में अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में शिवशरण राजवाड़े, श्रीमती सुनीता देवांगन, बिंदु प्रसाद कुशवाहा, श्रीमती कविता पैकरा, श्री संतोष पड़वार एवं शिवरतन प्रजापति को सदस्य चुना गया। स्थानीय निकाय प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती प्रमिला पैकरा, शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती पुष्पलता सिंह, श्रीमती सुष्मिता शुभाद, दुर्गेश कुमार एवं श्रीमती आसफा खातून को शामिल किया गया। वहीं शिक्षाविद् प्रतिनिधि के रूप में क्षीर सागर यादव, एएनएम प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती सरोज राजवाड़े तथा पूर्व छात्र एवं सामुदायिक प्रतिनिधि के रूप में अजय एक्का का चयन किया गया। निर्वाचन के पश्चात आयोजित प्रथम बैठक में विद्यालय विकास योजना, विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, नियमित उपस्थिति, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, छात्र सुरक्षा, अभिभावक-शिक्षक सहभागिता तथा आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने विद्यालय को उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं विकासात्मक संस्थान बनाने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया। स्कूल के प्राचार्य जय कुमार गुप्ता ने सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि नवगठित विद्यालय प्रबंधन समिति विद्यालय के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार जरही, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

// सार्वजनिक उद्घोषणा / ईश्तहार //

सर्व साधारण ग्रामवासी / ग्राम सेंधोपारा प.ह. नं.13 तहसील प्रतापपुर जिला-सूरजपुर को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्यामबाई पिता जगदीश जाति नाई निवासी ग्राम सेंधोपारा पोस्ट चन्द्रमेढा थाना भटगांव तहसील प्रतापपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने स्वयं जन्म तिथि 01.01.1962 स्थान सेंधोपारा के जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जिसमे कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस संबंध में जिस व्यक्ति को कोई दावाआपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 25.6.26 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

गया। आज दिनांक 12.6.26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ /ब-121-/25-26

-: ईश्तहार :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक / आवेदिका शीला कुंवर पति स्व. जगदेव सिंह निवासी ग्राम मोतीपुर के द्वारा मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म / मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 09 (3) के अन्तर्गत अपने पुत्र स्व. प्रमोद सिंह पिता स्व. जगदेव सिंह मृत्यु दिनांक 30/11/2025 को ग्राम मोतीपुर में होना बतलाते हुए उनके मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय बावत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**दरिमा**
**सरगुजा छ.ग.**



### मंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा व धमकी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**रामानुजगंज।** सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश के मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक के विरुद्ध कथित रूप से अशोभनीय भाषा, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले को लेकर भाजपा मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही दोषी के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई एवं एफआईआर दर्ज करने की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक रूप से आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए मंत्री के सम्मान एवं प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया है, जो न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है, बल्कि समाज में वैमनस्य और अशांति फैलाने का भी प्रयास है। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी जनप्रतिनिधि के खिलाफ अश्लील भाषा, धमकी एवं अपमानजनक टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी से मांग की कि संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आईटी एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर इस प्रकार की आपत्तिजनक हरकत करने का साहस न कर सके। इस दौरान शैलेश गुप्ता, सिद्धांत यादव, आकाश गुप्ता, शुभम गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कृषि मंत्री नेताम से मिले नपा अध्यक्ष रमन नगर विकास के विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

कृषि मंत्री रामविचार नेताम से नवा रायपुर स्थित उनके आवासीय कार्यालय में रामानुजगंज नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान नगर के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने मंत्री श्री नेताम को नगर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की जानकारी देते हुए भविष्य की विकास योजनाओं पर भी चर्चा की। साथ ही नगर के समग्र विकास के लिए आवश्यक प्रस्तावों एवं जन अपेक्षाओं को मंत्री के समक्ष रखा। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने नगर के विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नगर के विकास से जुड़े प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। भेंट वार्ता के दौरान नगर के सर्वांगीण विकास, अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, यातायात सुविधाओं के विस्तार तथा आमजन की सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि रामानुजगंज को एक विकसित एवं व्यवस्थित नगर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और शासन के सहयोग से कई महत्वपूर्ण कार्यों को गति मिल रही है।



### नशीले इंजेक्शन के साथ दो युवक गिरफ्तार, गए जेल

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने नशीले इंजेक्शन के साथ दो युवकों को पकड़ा है। टीम ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 19 जून को गश्त के दौरान गर्दन पाठ पूजा स्थल के पास मुखबिर से सूचना मिली कि आगे पहाड़ी के पास दो व्यक्ति बाइक से नशीला इंजेक्शन बेच रहे हैं। सूचना पर तत्काल पहाड़ी की तरफ बढ़ने पर बाइक के पास खड़े दो व्यक्ति सरकारी वाहन देखकर भागने का प्रयास किए परंतु उन्हें पकड़ा गया। पूछताछ में एक ने अपना नाम रवि घासी निवासी झेराडीह थाना लुंड्रा तथा दूसरे ने अपना नाम किशुन राम उर्फ बबलू ठाकुर निवासी गढ़वीरा थाना लुंड्रा बताया।। इस बीच रवि घासी द्वारा पकड़े गए झोले की तलाशी लेने पर 80 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश नारकोटिक्स के समक्ष पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।



### जिला पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की बैठक

**मानीचौक।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के प्रभावित पंचायत का जिला पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सम्पन्न हुआ। बैठक में परियोजना से प्रभावित भूमि स्वामियों एवं आश्रितों के पुनर्वास और रोजगार संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री भूमिगत परियोजना से प्रभावित ग्राम गेतरा के अधिग्रहित निजी भूमि से संबंधित भूमि स्वामियों एवं आश्रितों को कोल इंडिया पुनर्वास नीति 2012 के तहत रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। प्रभावित परिवारों को नीति के तहत निर्धारित रोजगार के दो विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन करने के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें घटते क्रम में वरीयता सूची के विकल्प पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में लिए गए इस निर्णयों के आधार पर ग्राम के 17 परिवारों को रोजगार दिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि गायत्री भूमिगत परियोजना के अंतर्गत कुल 288.209 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई है, जिसमें 220.784 हेक्टेयर निजी भूमि शामिल है। परियोजना से ग्राम जोबगा, गेतरा और पोड़ी प्रभावित हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम गेतरा में कुल 14.544 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई है। मुआवजा निर्धारण के समय यहां 40 खातेदार थे, जबकि अधिग्रहण तिथि के समय इनकी संख्या 38 खातेदार रही। निजी भूमि के लिए कुल 7.2 करोड़ रुपए मुआवजा राशि 38 खातेदारों के लिए निर्धारित की गई है। इसमें अब तक 15 खातेदारों को 2 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है, जबकि 23 खातेदारों को 5.2 करोड़ रुपए का भुगतान शेष है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि कोल इंडिया पुनर्वास नीति 2012 के तहत परियोजना प्रभावितों के लिए 17 रोजगार का प्रावधान किया गया है। समिति ने प्रभावित परिवारों को नियमानुसार लाभ दिलाने और पुनर्वास प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

- गायत्री खदान से प्रभावित गेतरा के 17 परिवारों को मिलेगा रोजगार

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
•COLLEGES COUNSELLING •DEEMED COLLEGE •COUNSELLING •STATE PVT./ GOVT. COLLEGES •FORM FILLUP ASSISTANCE •LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur | CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 जून 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण | टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग | नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श | बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे - 2:00 बजे शाम 5:00 बजे - 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA
COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध | छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस उपचार, महिला रोगों की जांच व इलाज, सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं, डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

न्यूरो एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. चंदन दूबे
MBBS, MS, MCH NEUROSURGERY (IPGME&R, KOLKATA)
मस्तिष्क एवं रीढ़ की निम्न समस्याओं में संपर्क करें
लकवा (स्ट्रोक), हाथ पैर में झुनझुनाहट, मिर्गी आना, गर्दन एवं कमर में दर्द माइग्रेन (सर दर्द), पार्किंसन्स, चक्कर आना, हाथ पैर में कंपन, मस्तिष्क ट्यूमर सायटिका, मल्टीपल स्क्लेरोसिस, अल्जाइमर (याददाश्त खोना) ब्रेन एवं स्पाईन उपचार एवं सर्जरी
प्रतिदिन आपके शहर अम्बिकापुर में उपलब्ध...
•श्री महावीर हॉस्पिटल, सांई मंदिर के पास, गांधी नगर अम्बिकापुर, 6263080332 (समय : 2-4 बजे तक)
•सांई पॉलीक्लिनीक, जिला हॉस्पिटल के सामने अम्बिकापुर, 7987423885 (समय : 5-7 बजे तक)


DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
•हड्डी एवं जोड़ों का दर्द •नसों का रोग •त्वचा एवं बालों का रोग •स्त्री रोग •मानसिक रोग •मूत्र संबंधी रोग •मधुमेह (डायबिटीज़) •नेत्र रोग •किडनी संबंधी रोग •पेट संबंधी विकार •थायराइड •अस्थमा •मोटापा •मांसपेशी का रोग •मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


अंतर्राष्ट्रीय योगदिवस



बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिक्षण समिति अम्बिकापुर द्वारा संचालित
पुष्पेन्द्र ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स
सभी कोर्स संबंधित संस्थानों द्वारा मान्यता प्राप्त
सत्र 2026-27 PPHT, PNT प्रवेश परीक्षा की जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
डी.फार्मेसी (विज्ञान/गणित + PPHT)
बी.फार्मेसी (विज्ञान/गणित + PPHT)
जी.एन.एम. (सम्पूर्ण विषय)
बी.एस.सी. नर्सिंग (बायो ग्रुप + PNT)
विशेषताएँ :-
+ सबसे अच्छे संस्थान में से एक सभी परिष्कृत और परिवेश अनुसंधान।
+ योग्य एवं अनुभवी शिक्षक।
+ परिवहन सुविधा।
+ छात्रवृत्ति सुविधा।
* अस्पताल प्रशिक्षण की सुविधा।
+ सुसज्जित प्रयोगशालाएँ।
+ औद्योगिक और शैक्षणिक भ्रमण की सुविधा।
+ पौष्टिक भोजन के साथ आरामदायक छात्रावास की सुविधा।
प्रवेश प्रारंभ
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
मो.- 7509172393, 9407634704, 07774240254, 7987350594, 9589713483
कॉलेज कैम्पस - पुष्पेन्द्र ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युट, लालमाटी लुण्ड्रा, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
सिटी ऑफिस-वार्ड नं.-19 गुरूघासीदास बाल उद्यान, केदारपुर, मिशन चौक, अम्बिकापुर (छ.ग.)



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
YOGA
English Medium
MILESTONES SCHOOL
Admission Open for 2026-27
Behind Central Bank, Gudri Chowk, Ambikapur
Based on CBSE Syllabus
No ADMISSION FEE


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
"करें योग रहे निरोग"
INTERNATIONAL YOGA DAY
रामलखन सिंह पैंकरा
प्रदेश महामंत्री
जनजाति गौरव समाज छ.ग.


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
"करें नियमित योग, शरीर रहेगा निरोग"
प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश प्रारंभ
INTERNATIONAL YOGA DAY
विक्टोरिया पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल
चांदनी चौक, खैरबार रोड, अम्बिकापुर


योग अपनाएं जीवन को स्वस्थ बनायें
Yoga for Harmony & Peace
हमारे यहां उचित मूल्य पर सभी प्रकार के बीज व कीटनाशक उपलब्ध है
मानसून एग्रो एजेंसी
संगम चौक अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मो. 9826133412


SHADHYA PARAMEDICAL INSTITUTE
साध्य इंस्टीट्यूट
ऑफ पैरामेडिकल साइंस
No. 1 PARAMEDICAL INSTITUTE
पैरामेडिकल पाठ्यक्रम प्रवेश प्रारम्भ
सभी कोर्स छत्तीसगढ़ काउन्सिल में पंजीयन हेतु मान्य
B.M.L.T. (लैब टेक्निशियन डिग्री) 3 वर्षीय
D.M.L.T. (लैब टेक्निशि डिप्लोमा) 2 वर्षीय
PHARMACY (2 वर्षीय डिप्लोमा)
X-RAY/O.T. एक्स - रे एण्ड ऑपरेशन थियेटर टेक (1 वर्षीय)
OPTHALMIC ASSISTANT नेत्र सहायक (2 वर्षीय)
DRESSER ड्रेसर टेक्नीशियन (1 वर्षीय)
CCH सर्टिफिकेट इन कम्युनिटी हेल्थ (1 वर्षीय)
शिक्षण शुल्क में 50% तक की छूट
प्रवेश प्रारम्भ (2026-27)
बनारस रोड, गांधीनगर, अम्बिकापुर (छ.ग.)
CONTACT : 7440435000, 7440434300


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
शरीर, बुद्धि, चेतना और आत्मा का विज्ञान है योग
आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से शरीर को स्वस्थ बनाने में अनिवार्य माना गया है योग
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून
चिंतामणि महाराज
सांसद
सरगुजा लोकसभा क्षेत्र


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
INTERNATIONAL YOGA DAY
यूनिक कॉन्वेंट /सनराईज हायर सेकेण्डरी स्कूल
चांदनी चौक, खैरबार रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### जनकल्याण पंजीयन शिविर में हुआ कृषक सम्मेलन

**शंकरगढ़।** विकासखंड मुख्यालय में आयोजित विश्वास के विकास के जनकल्याण के तीन दिवसीय पंजीयन शिविर में कृषि विकास योजना के तहत विशाल कृषक सम्मेलन एवं जैविक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक करने तथा कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 500 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए धान बीज का वितरण किया गया। साथ ही विकासखंड के पहरी क्लस्टर के लगभग 200 किसानों ने जैविक खेती कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा किसानों को जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों, रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त किसानों को उर्द, अरहर एवं मूंग की मिनी किटों का भी वितरण किया गया, जिसमें विभिन्न ग्रामों के लगभग 100 किसान लाभान्वित हुए। अधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती अपनाकर उत्पादन लागत कम करने, भूमि की उर्वरता बनाए रखने तथा बेहतर आय अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा उपस्थित रहीं। इस दौरान प्रियंवदा सिंहदेव, गीता पैकरा, विवेक जायसवाल, अमीन साय, तिलसाय, प्रभु राम,सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ऑटोमेटिक एनालाइजर ब्लड टेस्ट यंत्र की मरम्मत की मांग, सौंपा ज्ञापन

**राजपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पिछले लगभग दो वर्षों से खराब पड़े फुली ऑटोमेटिक एनालाइजर ब्लड टेस्ट यंत्र को लेकर पूर्व पार्षद सुनील गुप्ता ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। साथ ही खराब यंत्र की मरम्मत या नया यंत्र उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि लगभग 30 लाख रुपये की लागत वाला यह आधुनिक जांच यंत्र ब्लड टेस्ट, सीरम टेस्ट और यूरिन टेस्ट सहित कई महत्वपूर्ण जांच के लिए उपयोग किया जाता था। मशीन खराब होने के कारण मरीजों को आवश्यक जांच सुविधाएं स्थानीय स्तर पर नहीं मिल पा रही हैं, जिससे उन्हें निजी लैब और अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। सुनील गुप्ता ने कहा कि राजपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को जांच कराने के लिए अंबिकापुर तक जाना पड़ता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों पर इसका अधिक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि खराब मशीन की तत्काल मरम्मत कर उसे चालू कराया जाए। यदि मशीन सुधार योग्य नहीं है तो उसके स्थान पर नई मशीन स्थापित की जाए, ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया पौधरोपण

**राजपुर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वावधान में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गेउर स्थित हरीतिमा परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान अंकुश सिंह खैरवार, विनय भगत, धर्म सिंह, रवि प्रताप मरावी, जगवंशी यादव, उदय यादव, मनोज बंसल, सतीश सिंह एवं संतोष पाण्डेय उपस्थित रहे। वहीं महामाया मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान राजेश यादव, वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय वर्मा, डिप्टी रेंजर सुशील सिंह, अमृत प्रताप सिंह, मालती माझी, वन विभाग के कर्मचारी तथा भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कभी भी गुल हो जाती है बिजली

# अघोषित विद्युत कटौती बनी बड़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- जन जीवन प्रभावित, अव्यवस्था से लोगों में भारी नाराजगी

इन दिनों शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। एक तरफ विद्युत अधिकारी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में कोई भी बाधा नहीं होने का दावा कर रहे हैं दूसरी तरफ विभिन्न वार्डों में घंटों आपूर्ति ठप रही है। आए दिन घंटों विद्युत आपूर्ति ठप रहना अब आम बात हो गई है।

अघोषित विद्युत कटौती शहरवासियों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। प्री-मानसून की आंधी-बारिश शुरू होने के बाद अघोषित विद्युत कटौती आम समस्या बन गई है। कब किस वार्ड का विद्युत आपूर्ति ठप हो जाए कोई ठिकाना नहीं है। लोगों द्वारा विद्युत कटौती की शिकायत करने पर कार्यपालन अभियंता विद्युत लाइन में कहीं भी कोई फाल्ट नहीं आने एवं सभी क्षेत्रों की आपूर्ति सुचारू होने का दावा करते हैं। एक तरफ वरिष्ठ अधिकारियों का आपूर्ति सुचारू रहने का दावा दूसरी तरफ भारी गर्मी एवं उमस के बीच घंटों से पसीना से तर बतर लोगों के आक्रोशका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। आंधी-बारिश के दौरान पूर्व में भी विद्युत आपूर्ति बाधित होती थी लेकिन अधिकारी समन्वय स्थापित कर तत्काल दूसरे फीडर से जोड़कर प्रभावित क्षेत्र की आपूर्ति कम से कम समय में सुचारू करने की कोशिशें करते थे। विद्युत लाइन में बड़ी खराबी आने पर अधिकारी प्रभावित क्षेत्र के लोगों को सूचना देकर स्थिति से अवगत भी कराते थे। अब घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के बावजूद वरिष्ठ अधिकारी विद्युत आपूर्ति बाधारहित एवं सुचारू रहने का दावा कर रहे हैं। वर्तमान स्थिति से स्पष्ट है कि वरिष्ठ अधिकारियों को कनिष्ठ अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों के बीच अब तक समन्वय स्थापित नहीं हो सका है। दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि अधिकारी विद्युत संबंधी समस्या को मैदानी अमले के भरोसे छोड़ दिए हैं तथा आफिस में बैठे-बैठे कार्य संचालन की खानापूर्ति कर रहे हैं।



विद्युत तार पर गिरा पेड़।

#### सीएम शहर में, घंटों ठप रही आपूर्ति

रविवार को पीजी कॉलेज में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में भागीदारी करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार की शाम से ही अम्बिकापुर के प्रवास पर हैं। मुख्यमंत्री के शहर में मौजूद होने के बावजूद शहर में घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रही। अपरान्ह 4 बजे तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई तथा बारिश शुरू होने के पूर्व ही शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। बताया जा रहा है कि तेज हवा के कारण बनारस मार्ग, एमजी रोड एवं नवापारा में पेड़ गिरने के कारण शहर के बड़े इलाके की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। कुछ क्षेत्रों में विद्युत तार टूटने एवं इंसुलेटर ब्रस्ट होने की भी समस्या आई। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद शाम 7 बजे नवापारा फीडर की आपूर्ति सुचारू की। अधिकारी कुछ क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुचारू होने में समय लगने की बात कह रहे हैं।

#### अब तक मेंटेनेंस कार्य अपूर्ण

विद्युत आपूर्ति बाधित होने के पीछे अब तक बरसातपूर्व मेंटेनेंस का कार्य पूर्ण नहीं होने को बड़ा कारण माना जा रहाहै। विभाग हर साल बरसात शुरू होने के पूर्व मेंटेनेंस कार्य कराता है जिसके तहत विद्युत लाइन के पास के पेड़ों की डालों की कटाई-छंटाई की जाती है। इस बार सुशासन तिहार के कारण समय पर पेड़ों की कटाई-छंटाई नहीं करा सके। समस्या बढ़ने पर अब बिना सूचना प्रभावित क्षेत्रों की आपूर्ति बाधित कर पेड़ों की कटाई-छंटाई की जा रही है। शनिवार को शाम विद्युत लाइन पर पेड़ों की डाल गिरने के कारण घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रही वहीं सुबह जोड़ापीपल एवं दोपहर में नेहरू वार्ड की विद्युत आपूर्ति 3 घंटे तक बाधित रही है।

#### सुचारू है आपूर्ति

विद्युत लाइन में कहीं फाल्ट नहीं आया है तथा आपूर्ति सुचारू है। लाइट बंद है तो मैं दिखवाता हूं।

-जेपी राजवाड़े
ईई, शहर विद्युत संभाग

#### पेड़ों की डाल गिरने से समस्या

तेज हवा के दौरान बनारस मार्ग, एमजी रोड एवं नवापारा में विद्युत लाइन पर पेड़ों की डाल गिरने के कारण आपूर्ति बाधित हुई है। सुधार कार्य चल रहा है। कुछ क्षेत्रों की आपूर्ति सुचारू होने में समय लग सकता है।

-अक्षय कुमार यादव
एई, शहर विद्युत संभाग

#### 11 घंटे तक अंधेरे में रहे 15 गांव

रामचंद्रपुर। सनावल-रामचंद्रपुर विद्युत लाइन में आई तकनीकी खराबी के कारण क्षेत्र के 15 गांवों में 11 घंटे तक अंधेरा छाया रहा। शनिवार को दोपहर आपूर्ति सुचारू हुई तो लोगों ने राहत की सांसे ली। हालांकि तकनीकी खराबी दूर होने के बावजूद अभी तक बिलजी की आंख मिचौली खत्म नहीं हुई है। क्षेत्र में वाड्रफनगर से सनावल के रास्ते विद्युत आपूर्ति होती है। शुक्रवार को दोपहर 1 बजे सनावल-रामचंद्रपुर के बीच कई स्थानों पर इंसुलेटर ब्रस्ट होने के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इंसुलेटर बदलने के बाद शनिवार को दोपहर 11 बजे आपूर्ति सुचारू हुई तो लोगों को उमस एवं गर्मी से राहत मिली। आपूर्ति सुचारू होने के बावजूद घंटों तक बिजली का आना-जाना चलता रहा।

# युवती को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- गर्भवती हुई तो कराया अबॉर्शन

सरगुजा में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही एक युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने युवती के साथ चार सालों तक दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं युवती के गर्भवती होने पर आरोपी की बहन ने अबॉर्शन पिल्स खिला दी और फिर बाद में अस्पताल ले जाकर उसका अबॉर्शन करा दिया लेकिन बाद में युवक शादी से मुकर गया। अब इस मामले में युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक छात्रा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के नाम पर 2021 में शहर में आई थी। इस दौरान उसकी मुलाकात खैरबार निवासी एजाज अहमद से हुई। बाद में एजाज अहमद ने उसे शादी का झांसा दिया और जुलाई 2022 में छात्रा को नावापारा में रिश्तेदार के घर ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। छात्रा ने पुलिस को बताया कि शादी करने के नाम पर आरोपी ने युवती को लगभग सात महीनों तक लिव इन में साथ रखा और फिर घर में रहने के नाम पर यवती से अलग हो गया लेकिन वह लगातार युवती का दैहिक शोषण करता रहा। जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आना कानी करता रहा। अगस्त 2025 में युवती गर्भवती हो गई तो आरोपी अपनी बहन फरहा सबा के साथ उसके कमरे में पहुंचा और उसे जबरदस्ती अबॉर्शन की दवा खिला दी। युवती ने उसे थूक दिया। फरहा सबा ने कहा कि परिवारवाले दोनों की शादी कर देंगे। उसकी समझाइश पर युवती अबॉर्शन के लिए तैयार हो गई। युवक और उसकी बहन ने सूरजपुर जिला अस्पताल ले जाकर उसका अबॉर्शन कराया लेकिन बाद में आरोपी शादी से मुकर गया जिसके दूसरे धर्म से होने का हवाला देकर शादी से इनकार कर दिया जिसके बाद युवती ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। मामले में गांधीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। गांधीनगर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा कल्याण संघ की बैठक में हुए विभिन्न निर्णय

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय बढ़ई मनु लोहार कल्याण महासंघ की बैठक 14 जून को बिलासपुर के विश्वकर्मा सामुदायिक भवन में हुई जिसमें संविधान संशोधन, मुख्यमंत्री से रायपुर में समाज के भवन हेतु भूमि की मांग, विश्वकर्मा पूजा पर 17 सितम्बर को सार्वजनिक अवकाश स्वीकृत करने की मांग तथा सदस्यता बढ़ाने पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकारिणी बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अम्बिका प्रसाद विश्वकर्मा, डॉ.माणिक लाल विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, एसएन वर्मा, पीआर विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## पोखरी खदान में मिले मानव कंकाल की शिनाख्त कराने में जुटी पुलिस, संभाग के थानों को भेजी गई सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल की बंद पड़ी पांच-छह नंबर पोखरी खदान में सड़ी-गली अवस्था में मिले मानव कंकाल की शिनाख्त के लिए बिश्रामपुर पुलिस ने सरगुजा संभाग के विभिन्न थानों को सूचना भेजी है। पुलिस गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मृतक की पहचान के लिए सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों का भी सहारा लिया जा रहा है। गौरतलब है कि डायल-112 की सूचना पर पुलिस ने चार दिन पहले बंद पड़ी खदान में तलाश अभियान शुरू किया था। इसके बाद अंबिकापुर और सूरजपुर की एसडीआरएफ टीम ने तीन दिनों तक अथाह पानी में रेस्क्यू अभियान चलाकर शव को बाहर निकाला। मौके पर चिकित्सक और एफएसएल टीम ने शव का परीक्षण किया। जांच में शव के मुंह में 28 दांत पाए जाने के आधार पर एफएसएल टीम ने मृतक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच होने का अनुमान लगाया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि मृतक की कमर में नायलॉन की कपड़ा-नुमा रस्सी से पत्थर बांधा गया था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को पानी में फेंका गया होगा। पुलिस का अनुमान है कि शव को करीब 20 दिन पहले खदान के गहरे पानी में डाला गया होगा। लंबे समय तक पानी में पड़े रहने के कारण शव पूरी तरह सड़-गल चुका था।फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और हत्या सहित विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही है।

## जल संरक्षण को लेकर 70 ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम

**राजपुर।** जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से मोर गांव-मोर पानी महाअभियान का व्यापक स्तर पर संचालन किया जा रहा है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे के नेतृत्व में विकासखंड की सभी 70 ग्राम पंचायतों में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। अभियान के तहत वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि तथा पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण संबंधी रैलियां, जनसंवाद, शपथ कार्यक्रम तथा श्रमदान गतिविधियां आयोजित की गईं। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि जल ही जीवन का आधार है और भविष्य में जल संकट से बचने के लिए अभी से प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है। जिला प्रशासन द्वारा राजपुर जनपद पंचायत को 8 हजार 6 सौ गड्ढों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए विकासखंड में एक ही दिन में 6 हजार गड्ढों का निर्माण किया गया। इससे पहले लगभग 1 हजार 700 गड्ढे खोदे जा चुके थे। इस



प्रकार निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इन गड्ढों के माध्यम से वर्षा जल का संचयन कर भूजल स्तर बढ़ाने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान सीईओ संजय दुबे ने कहा कि मोर गाँव-मोर पानी अभियान प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण कर आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखना है। अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में पंचायत प्रतिनिधियों, सचिवों, रोजगार सहायकों, एनआरएलएम समूह की महिलाओं, अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। सभी ने जल संरक्षण की शपथ लेते हुए अभियान को जनांदोलन बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## शिवनंदनपुर नपं उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा की हार के बाद अंदरूनी मंथन शुरू, प्रदेश संगठन ने चुनाव प्रभारी से मंगाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा की अप्रत्याशित हार के बाद पार्टी में आत्म मंथन शुरू हो गया है। उपाध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी द्वारा गलत तरीके से मतदान कर अपना मत स्वयं निरस्त करा देने के मामले को पार्टी संगठन ने गंभीरता से लिया है। भाजपा के प्रदेश संगठन ने चुनाव प्रभारी एवं बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह से पूरी रिपोर्ट तलब की है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी से भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली गई है।

बता दें कि शुक्रवार को हुए उपाध्यक्ष चुनाव में नगर पंचायत अध्यक्ष सहित कुल 16 निर्वाचित प्रतिनिधियों ने मतदान किया। कांग्रेस के सभी 8 पार्षदों ने पार्टी प्रत्याशी अंशुल गोयल के पक्ष में मतदान किया, जबकि भाजपा के 7 पार्षद और अध्यक्ष सहित कुल 8 वोट होने से मुकाबला बराबरी का माना जा रहा था। इसी बीच भाजपा के वार्ड क्रमांक-15 के पार्षद प्रशांत अग्रवाल ने अपने मतपत्र पर निर्धारित क्रॉस मार्क का निशान लगाने के बजाय गोल निशान बना दिया। मतगणना के दौरान पीठासीन अधिकारी ने नियमों के तहत उक्त मत को निरस्त कर दिया। परिणामस्वरूप कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल गोयल एक वोट से नगर पंचायत उपाध्यक्ष निर्वाचित हो गए। नतीजा सामने आते ही भाजपा कार्यकर्ताओं के चेहरे उतर गए। जब यह स्पष्ट हुआ कि भाजपा उपाध्यक्ष के प्रत्याशी का ही वोट निरस्त हुआ है, तो नगर पंचायत परिसर में मौजूद कार्यकर्ताओं में निराशा छा गई और वे एक-एक कर वहां से निकलने लगे। वहीं अध्यक्ष पद गंवाने के बाद निराश चल रही कांग्रेस को उपाध्यक्ष पद की जीत से नई ऊर्जा मिली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया

#### वार्ड नंबर 15 जीतने की जिद्द में भाजपा को अन्य दो वार्ड में कराया गया नुकसान

वार्ड क्रमांक-15 में टिकट वितरण को लेकर पहले से ही भाजपा के भीतर नाराजगी की चर्चा चल रही थी। पार्टी से टिकट की दावेदारी कर रहे सन्नी अग्रवाल को टिकट न देकर भाजपा ने वरिष्ठ नेता अशोक अग्रवाल के पुत्र प्रशांत अग्रवाल पर भरोसा जताया। बताया जाता है कि पूर्व गृहमंत्री व वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने प्रशांत अग्रवाल के लिए संगठन से पैरवी कर पार्षद टिकट दिलवाई थी। दूसरी तरफ कांग्रेस ने मौके की नजाकत देखते हुए सन्नी अग्रवाल को टिकट देकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड नंबर 15 जीतने की जिद्द में आपसी रणनीति के तहत भाजपा को अन्य दो वार्ड क्रमांक 13 एवं 3 में नुकसान पहुंचाया गया जहां पर कांग्रेस के साथ बराबरी की कड़ी टक्कर चल रही थी, ऐसे में निर्णायक मुकाबले में भाजपा ने वार्ड नंबर 15 तो जीत लिया लेकिन भीतरघात हो जाने की वजह से वार्ड क्रमांक 13 और 3 में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। अब आखिर में भाजपा के कुल 7 पार्षद ही जीत कर निकल पाए जिससे उपाध्यक्ष पद हासिल करने की राह कठिन हो गई,शिवनंदनपुर में भाजपा को अध्यक्ष पद पर सफलता मिली,लेकिन उपाध्यक्ष चुनाव में हुई यह भारी चूक अब पार्टी के लिए आत्ममंथन का विषय बन गया है।भाजपा प्रत्याशी के मत निरस्त होने को लेकर नगर सहित जिले में उक्त घटना लगातार जनचर्चा का विषय बना हुआ है।

#### भाजपा चुनाव प्रभारी ने जिलाध्यक्ष से ली जानकारी

भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कहा कि पार्टी संगठन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। चुनाव प्रभारी रजनीश सिंह को पूरी जानकारी दी गई है। मामले में प्रदेश संगठन ही अंतिम कार्रवाई करेगा जिसकी सूचना दी जाएगी।

## जयनगर पंचायत भवन के समीप पंप की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत जयनगर भवन परिसर में लगे बोरवेल से समर्सिबल मोटर पंप को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है।

जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम जयनगर के वार्ड पंच जाहिद अली ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि पंचायत भवन परिसर में स्थित बोरवेल का पुराना मोटर पंप खराब हो गया था। ग्रामीणों और पंचायत की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 18 जून को हर्राटिकरा के मिस्त्री मानसाय से पंचायत का पुराना लेकिन चालू हालत में रखा गया टेक्समो गोल्ड कंपनी का 1 एचपी समर्सिबल मोटर पंप व रोल्ड पाइप सहित बोर में स्थापित कराया गया। मोटर पंप लगाए जाने के कुछ ही घंटों बाद अज्ञात चोरों ने 18 से 19 जून की दरम्यानी रात में अज्ञात चोर बोरवेल से मोटर पंप, पाइप और उससे जुड़े उपकरण निकालकर ले गए हैं। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 10 हजार रुपए बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# कृषि मंत्री ने किसानों से की चर्चा, समाधान का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- केसीसी ऋण और धान भुगतान को लेकर किसानों का आंदोलन चौथे दिन भी जारी

धान खरीदी वर्ष 2025-26 की लंबित भुगतान राशि तथा किसानों के नाम पर दर्ज कथित फर्जी किसान क्रेडिट कार्ड ऋण प्रकरण को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार जारी है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने किसान नेता नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में किसान धरना स्थल पर डटे रहे और अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते रहे।

किसानों का आरोप है कि जिले के अनेक किसानों के नाम पर उनकी जानकारी के बिना केसीसी ऋण दर्ज कर दिया गया है, जिसके कारण धान बिक्री की राशि रोक दी गई है। इसके चलते किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने फर्जी ऋण प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा धान खरीदी की लंबित राशि का तत्काल भुगतान करने की मांग की है। आंदोलन के चौथे दिन किसानों ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी। पांच किसान भूख हड़ताल पर बैठे और प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि



शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरना स्थल पर किसानों की लगातार बढ़ती संख्या से आंदोलन को व्यापक समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। धरना स्थल पर किसान नेता कमाल अहमद, संतोष यादव, किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री विकास दुबे तथा डॉ. दिनेश यादव पहुंचकर किसानों का समर्थन किया। इस दौरान किसान नेता कमाल अहमद ने कहा कि किसान लंबे समय से परेशान हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल पहल कर किसानों को राहत देने की मांग की। इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अरविंद दुबे भी धरना स्थल पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मृतक व्यक्तियों के नाम पर ऋण स्वीकृत होना तथा जेल में बंद किसानों के खातों से ऋण आहरित दिखाया जाना गंभीर अनियमितता का संकेत है। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। आंदोलन के बीच प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने मोबाइल फोन के माध्यम से किसानों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन किसानों का धान भुगतान रुका हुआ है और जिन्हें खाद-बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं विभागीय उच्च अधिकारियों से चर्चा की गई है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश के पांच जिलों में इस प्रकार की गड़बड़ी के मामले सामने आए हैं और यह करोड़ों रुपये का मामला हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 से 2023 के बीच किसानों के नाम पर फर्जी ऋण निकालकर उनके खातों में लोन दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए सीबीआई एवं ईडी को भी पत्र भेजा गया है। किसान नेता नरेंद्र सिंह ने कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलेगा और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



